दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश में प्रसारित हरियाणा का हिन्दी दैनिक

सत्यजय टाईम्स

वर्ष-11, अंक-327 रविवार 27 नवम्बर, 2022, पृष्ठ 8, मूल्य 2 रुपये (फरीदाबाद से प्रकाशित) प्रातःकालीन संस्करण हिन्दी दैनिक

RNI NO HARHIN/2012/43543 Ph. 0129- 4042533, Email: sjtfaridabad@gmail.com @SatyajayT satyajaytimes

# अग्रवाल कॉलेज में व्याख्यान का आयोजन

बल्लबगढ़, 26 नवम्बर, सत्यजय टाईम्स/गोपाल अरोड़ा। अग्रवाल कॉलेज में शनिवार को विश्व हिंदु परिषद द्वारा स्थापना, उद्देश्य, चुनौती और समाधान पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत कॉलेज प्राचार्य डा. कृष्ण कांत गुप्ता जी के प्रेरणादायक भाषण से हुई। प्राचार्य महोदय ने समाज सुधार में विश्व हिंदु परिषद की अहम भूमिका की प्रशंसा करते हुए विद्यार्थियों को इसके प्रति जागरूक किया।



विश्व हिंदु परिषद द्वारा स्थापना, उद्देश्य, चुनौती और समाधान पर एक व्याख्यान का दीप जला का शुभारम्भ करते प्राचार्य।
छाया: सत्यजय टाईम्स/पुष्पा अग्रवाल।

मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद बृजेश कुंतल, प्रांत विशेष संपर्क प्रमुख ने सभी विद्यार्थियों को परिषद के उद्देश्य व स्थापना के बारे में बताते हुए इसके विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी।

विश्व हिंदु परिषद की स्थापना 29 अगस्त 1964 को श्री कृष्ण जन्माष्टमी के शुभ पर्व पर भारत की संत शक्ति के आशीर्वाद के साथ हुई थी। विहिप का उद्देश्य राष्ट्र को संगठित करना, सामाजिक एकता को बनाए रखना और समाज की सेवा करना है। भारत के लाखों गांवों और कस्बों में विहिप को एक मजबूत, प्रभावी, स्थायी, और लगातार बढ़ते हुए संगठन के रूप में देखा जा रहा है। परिषद द्वारा सेवा गतिविधियों का संचालन निश्चित उद्देश्य के अंतर्गत किया जाता है जैसे की देश के सभी भू-भागों में धर्मांतरण रोकना तथा परावर्तन को प्रोत्साहन देना, सामाजिक समरसता के भाव को परिपुष्ट करना, अशिक्षित, पिछड़े अथवा साधनहीन समाज बांधवों का स्वाभिमान जगाते हुए उन्हें स्वावलम्बी एवं जागरूक बनाना तथा जिनकी सेवा की जाती है, धीरे-धीरे वे स्वयं सेवाकार्य करने वाले बनें, यह वातावरण बनाना।